आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों के लिए बनाए गए एक सौ चौरासी बहुमंजिला फ्लैटों का उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने कहा आवास की कमी सरकारी खर्च में वृद्धि का कारण बन रही थी।
- अंडमान निकोबार कमान के सहयोग से द्वीपसमूह के विद्यार्थी नई दिल्ली में राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे।
- टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत रोगियों को सहायता और सामाजिक जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।
- परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में केन्द्रशासित प्रदेश की उपलब्धियों की सराहना की गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित एक सौ चैरासी टाइप–सेवेन बहुमंजिला फ्लैटों का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि दो हजार चौदह के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग तीन सौ पचास नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है। चार टॉवरों का नाम देश की महान नदियों के नाम पर दिया गया है। करोड़ों लोगों की जीवनदायिनी ये चार नदियां कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं। इन नए आवासों का एक महत्वपूर्ण आर्थिक पहलू भी है। हाल ही में कर्तव्य भवन के उद्‌घाटन के बाद उन्होंने कहा था कि किराए के भवनों से संचालित कई मंत्रालयों ने वार्षिक किराए के तौर पर लगभग एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये खर्च किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसदों के लिए पर्याप्त आवास की कमी सरकारी खर्च में वृद्धि का कारण बन रही थी। इन फ्लैटों के निर्माण में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिकों की भी सराहना की है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड और अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच सहयोग कुशल और भविष्य के लिए तैयार टेलिकॉम कार्यबल निर्मित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिंधिया ने नई दिल्ली में डिजिटल कौशल पहल के लिए एरिक्शन, क्वालकॉम, सिस्को और नोकिया सहित बी.एस.एन.एल और चार अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह सहयोग डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप उद्योग–अकादमिक साझेदारियों के जरिए नवाचार, उद्यमशीलता तथा डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने संबंधी सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार कमान ने द्वीप समूह के प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं के लिए एक शैक्षिक–सह–सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया है। ये छात्र स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्यता और देशभक्ति के उत्साह में भाग लेने के लिए दिल्ली की एक यादगार यात्रा करेंगे। इस यात्रा से छात्र नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। इस अवसर पर इन छात्रों को राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलने का भी अवसर मिलेगा। छात्रों की दिल्ली यात्रा दस अगस्त से उन्नीस अगस्त तक चलेगी। प्रतिनिधिमंडल में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तीन जिलों के तीस मेधावी छात्र शामिल हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में टी.बी मुक्त भारत अभियान पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग की सचिव ऋचा उपस्थित रहीं। टी.बी उन्मूलन एन.टी.ई.ई.पी.के संयुक्त सचिव डॉ. पी. लाल ने टी.बी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। टी.बी रोगी सहायता और सामुदायिक जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य करने वालो को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न भेंट किए गए। टी.बी को मात देने वाले एक व्यक्ति ने अपने अनुभव साझा किए। आई.आर.एल के माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. कीर्तिवासन द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अनिम्स की ओर एक नाटक का भी मंचन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के हटबे स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल के मिनी हॉल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक पहचान और चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि बी. अलबक्का, जी.एम.एस.एस.एस के प्रधानाचार्य प्रभास रॉय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। डॉक्टरों ने नए छात्रों की स्वास्थ्य जांच की। विशिष्ट अतिथि एवं ऑडियोलॉजिस्ट साक्षी बैद्य ने शिविर में महत्वपूर्ण बातें बताईं। एलिम्को टीम ने डॉक्टर के साथ मिलकर विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए सहायक उपकरण के बारे में सुझाव दिए। यह कार्यक्रम बी.आर.पी, बी.पी.ओ और आंतरिक पर्यवेक्षक डार्ली सैमुअल आदि द्वारा संचालित किया गया। शिविर में लगभग पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण दो हजार चौदह के अंत में समग्र प्रगति कार्ड के कार्यान्वयन पर केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आज श्री विजयपुरम स्थित शिक्षा सदन में आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि और शिक्षा विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने किया। उन्होंने सभी शैक्षणिक स्तरों पर परख परिणामों के प्रसार के महत्व पर बल दिया और छात्रों के समग्र विकास के लिए व्यापक उपाय शुरू करने की बात कही। नई दिल्ली में एन.सी.ई.आर.टी प्रभाग की प्रमुख प्रोफेसर इंद्राणी भादुड़ी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में दो हजार चौबीस में ग्रेड थ्री में यू.टी प्रशासन की सराहनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी और शैक्षिक मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

श्री मुक्केरा पोलम्मा अम्मावारी पुस्कारा वार्षिक महोत्सव का आयोजन कल सुबह आठ बजे से हैडो के श्री देवी माता मंदिर में किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत अखंड दीप आराधना से होगी। इसके बाद अन्य धार्मिक क्रियाएं की जाएंगी। यह कार्यक्रम दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने जानकारी दी है कि फरारगंज में तेरह अगस्त को सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक दो स्वचालित सुनामी सायरन परीक्षण के उद्देश्य से बजाए जाएंगे। ऐसे में जनता से आग्रह किया गया है कि वे सायरन बजने पर घबराए नहीं और इस अवधि में शांत रहें। आपात स्थिति के दौरान सायरन के सही ढंग से काम करने को सुनिश्चित करने के लिए यह एक नियमित परीक्षण है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने आज राजकीय माध्यमिक विद्यालय, हम्फ्रीगंज के विद्यार्थियों के लिए एक शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय के कुल साठ छात्र–छात्राओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका सारिला यूनुस ने किया, जिन्होंने शतरंज की बिसात पर पहली चाल चली। उन्होंने कहा कि शतरंज सहानुभूति, दूरदर्शिता और एकाग्रता को पोषित करता है और इसके साथ ही साथ चिंतन कौशल का विकास भी करता है।

<><><><><><><>

राजकीय पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी तेरह अगस्त से कॉमन कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चौदह अगस्त को राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर डिगलीपुर में काउंसलिंग के लिए छात्र उपस्थित रहें।

<><><><><><><>